तापमान

भोपाल	24.9°	8.2°
इंदौर	24.6°	12.2°
जबलपुर	25.9°	8.5°
ग्वालियर	25.5°	10.0°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 40 अंक 02 ,पृष्ठ 12)
शनिवार 30 नवम्बर 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... मुख्यमंत्री ने म्यूनिख में फ्रेंड्स ऑफ एमपी से किया...

खेल... पर्थ की जीत भारत की सबसे बड़ी विदेशी जीतों में से...

व्यापार... किआ इंडिया की सीकेडी वाहन निर्यात दोगुना...

देश-विदेश... पाकिस्तान के कुर्रम में शिया-सुन्नी हिंसा...

www.naiduniaonline.com

सत्ता के भूखे लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं: मोदी

भुवनेश्वर(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से तीन दिनों के लिए ओडिशा के दौरे पर हैं। भुवनेश्वर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव, हरियाणा चुनाव और देशभर में हुए उपचुनाव के नतीजों ने पूरे देश में जो विश्वास भर दिया है, वो आपकी आंखों में मैं देख रहा हूं।

उन्होंने कहा कि पहले ओडिशा, फिर हरियाणा, और अब महाराष्ट्र! यही तो बीजेपी की विशेषता है। यही तो बीजेपी के कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है। मोदी ने कहा कि चुनाव से कुछ महीने पहले तक बड़े-बड़े पॉलिटिकल एक्सपर्ट ओडिशा में भाजपा को पूरी तरह से खारिज कर रहे थे। ये लोग कह रहे थे कि ओडिशा में भाजपा इतनी बड़ी ताकत बन ही नहीं सकती कि वो अपने बलबूते पर सरकार बना लें। लेकिन जब परिणाम आए, तो लोग हैरान हो गए। क्योंकि ओडिशा के लोगों के लिए भाजपा की केंद्र सरकार के कार्य और दिल्ली में बैठते हुए भी ओडिशा के लोगों के साथ अपनापन का जो नाता रहा, वो ओड़िशा के घर-घर पहुंच चुका था। नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक है। किसी भी निर्णय को लेकर अलग-अलग मत हो सकते हैं। राजनीतिक दल अपनी बात जनता के बीच पहुंचाने के आंदोलन भी करते रहते हैं। लोकतंत्र और संविधान की मर्यादा में रहकर अपने विचार भी प्रकट करते हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से एक बहुत बड़ा बदलाव आप सब महसूस कर रहे होंगे। भारत के संविधान की भावनाओं को कुचल दिया जाता है, लोकतंत्र की सारी मान-मर्यादाओं को अस्वीकार किया जाता है। जो लोग सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, उनके पास केंद्र की सत्ता पिछले 1 दशक से नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब पहले दिन से देश की जनता किसी और को आशीर्वाद दे, इसका गुस्सा उन्हें देश की जनता पर भी है। इस स्थिति ने उनके अंदर इतना गुस्सा भर दिया है कि वो देश के खिलाफ साजिश करने में जुटे हैं। ये लोग अपना गुस्सा जनता पर ही निकालने लगे हैं। उन्होंने कहा कि देश को गलत दिशा में ले जाने के लिए उन्होंने लोगों को गुमराह करना शुरू कर दिया है। उनकी झूठ और अफवाह की दुकान 50-60 साल से चल रही है। अब उन्होंने इस अभियान को और तेज कर दिया है। मोदी ने कहा कि ऐसे में जागृत नागरिकों के लिए, भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए, जो देश को प्यार करते हैं, जो संविधान का सम्मान करते हैं, उनके लिए ऐसे लोगों की हरकतें, इरादे और उनके कारनामे बहुत बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। इसलिए मैं सभी देशवासियों से कहना चाहूंगा कि हमें हर पल सतर्क रहना है और लोगों को जागरूक करते रहना है। हमें हर झूठ को बेनकाब करना है। उन्होंने कहा कि सत्ता के भूखे ये लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं।

प्रधानमंत्री से मिले सिद्धारमैया, कर्नाटक में विकास परियोजनाओं के लिए मांगा सहयोग

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को दिल्ली में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और तकनीक और नवाचार में एक महत्वपूर्ण वैश्विक शहर के रूप में शहर के उभरने के मद्देनजर बेंगलुरु के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए विशेष सहायता मांगी। उन्होंने बेंगलुरु में प्रस्तावित परिधीय रिंग रोड (पीआरआर) के लिए 6000 रुपये के विशेष अनुदान का भी अनुरोध किया। सिद्धारमैया ने कहा कि बेंगलुरु देश की जीडीपी में शीर्ष तीन योगदानकर्ताओं में से एक है, साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के पास बुनियादी ढांचे में सुधार, भीड़-भाड़ कम करने और शहर के निवासियों के जीवन स्तर को उन्नत करने की प्रमुख योजनाएं हैं। सीएम ने पीएम को एक औपचारिक अनुरोध पत्र सौंपा और उनसे शहरी विकास, रेलवे और सड़क परिवहन मंत्रालयों को राज्य की परियोजनाओं को समर्थन देने के लिए कहने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को म्यूनिख में जर्मन निवेशक ने फ्लिक्सबस का मॉडल भेंट किया।

यूके, जर्मनी यात्रा हमारे युवाओं के लिए खोलेगी नए अवसरों के द्वार : डॉ यादव

भोपाल(काप्र)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपनी जर्मनी और यूके यात्रा को लेकर कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य मध्यप्रदेश में राज्य के युवाओं के लिए निवेश के नए अवसरों का निर्माण करना है।

उन्होंने कहा यात्रा का उद्देश्य राज्य के युवाओं के रोजगार, औद्योगिकीकरण और मध्यप्रदेश को देश और दुनिया के सामने एक मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करना था। हमने पूरे समय का सदुपयोग किया। जर्मनी और यूके की यात्रा के बाद, मैं कह सकता हूँ कि यह यात्रा हमारे टेक्नों-फ्रेंड ऊर्जावान, प्रतिभाशाली युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रही है। मुख्यमंत्री डॉ यादव शुक्रवार को म्यूनिख में अपने औद्योगिक प्रायोजन संबंधी यात्रा के अंतिम दिन स्थानीय मीडिया से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में किए गए प्रयासों से उन्हें न केवल सफलता मिली बल्कि समझने और सीखने का भी अवसर मिला। उन्होंने यात्रा के दौरान हर पल और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी टीम के सदस्यों और प्रदेशवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि जब हम एकजुट होकर अच्छी योजना बनाते हैं, तो परिणाम भी अच्छा होता है और हमें जर्मनी से यही मिल रहा है। जर्मनी और आगे बढ़ रहा है। मैं महसूस करता हूँ कि वहां एक आंतरिक उत्साह है जो उन्हें अपनी चुनौतियों से निपटने में मदद कर रहा है। जर्मनी अपनी तकनीक को अन्य देशों के साथ साझा करने और भविष्य की यात्रा में उसका विश्वास बनाने की दिशा में अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जर्मनी से उन्हें कई ऐसे प्रस्ताव मिले हैं। जिनसे मध्यप्रदेश को इस विश्वास के साथ आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है कि राज्य अपनी पारंपरिक क्षमताओं के साथ नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह बड़ी बात है कि कृषि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), स्वास्थ्य, शिक्षा, नई तकनीक और भारी उद्योग क्षेत्रों में जर्मनी से हमें सकारात्मक (शेष पेज 2 पर)

खास-खबरें

धनखड़ आज अरुणाचल प्रदेश की यात्रा पर

नईदिल्ली(एजेंसी)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को अरुणाचल प्रदेश की यात्रा पर रहेंगे और राजीव गांधी विश्वविद्यालय के 22वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री धनखड़ 30 नवंबर को अरुणाचल प्रदेश के दोईमुख और ईटानगर के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति राज्य के दोईमुख के रोनो हिल्स में राजीव गांधी विश्वविद्यालय के 22वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

दंतेवाड़ा में नक्सली 'कमांडर' ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा(एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में नक्सल विरोधी अभियान लोन वर्राटू (घर वापसी) के तहत शुक्रवार को एक और सफलता मिली जब पूर्वी बस्तर डिवीजन के बयानार एरिया कमेटी के जन मिलिशिया 'कमांडर' धनरू ने पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय के समक्ष आत्मसमर्पण किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ को 2026 तक नक्सलमुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत लगातार कोर नक्सल क्षेत्रों में सुरक्षा बल नक्सलियों का खात्मा कर रहे हैं। वहीं सरकार माओवादियों को अवसर भी दे रही है, जो मुख्य धारा से जुड़ कर प्रदेश के विकास में भागीदार बनना चाहते हैं। उनके लिए 'लोन वर्राटू' यानि घर वापसी अभियान चलाया जा रहा है।

दूसरी तिमाही में फिसली जीडीपी ग्रोथ रेट

नईदिल्ली(एजेंसी)। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि घटकर 5.4 प्रतिशत रह गई, जो लगभग दो वर्षों में इसकी सबसे धीमी गति है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, यह पिछले साल की समान अवधि में दर्ज की गई 8.1 प्रतिशत की वृद्धि से एक महत्वपूर्ण गिरावट है। मंदी के बावजूद, भारत ने उसी तिमाही में चीन की 4.6 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि को पीछे छोड़ते हुए सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा। पिछली बार जीडीपी वृद्धि इस स्तर से नीचे वित्त वर्ष 2023 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में गिरी थी, जब यह गिरकर 4.3 प्रतिशत हो गई थी।

शीतकालीन सत्र के पांचवें दिन भी विपक्ष का हंगामा

दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित

नईदिल्ली(एजेंसी)। संसद के शीतकालीन सत्र में आज भी गतिरोध जारी रहा। दोनों सदनों में विपक्ष के हंगामा के वजह से आज की कार्यवाही को स्थगित करनी पड़ी। इसका मतलब साफ है कि शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह में संसद के दोनों सदनों में कामकाज नहीं हो सका। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 25 नवंबर को हुई थी और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण पहले सप्ताह में कोई महत्वपूर्ण विधायी कामकाज नहीं हो पाया। अब सोमवार 2 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे से दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होगी।

प्रियंका ने दिखाई एकजुटता

लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने के एक दिन बाद शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा सदन पहुंची और विपक्षी सदस्यों के साथ एकजुटता दिखाते हुए उनके साथ प्रदर्शन में शामिल हुईं। केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी ने सदन में तब प्रवेश किया जब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित कई विपक्षी सदस्य संभल हिंसा और अन्य मुद्दों को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। प्रियंका गांधी उनके साथ एकजुटता दिखाते हुए अपनी सीट के पास खड़ी रहीं। विरोध के बीच उन्होंने विपक्षी दलों के सांसदों से मुलाकात भी की और उनका अभिवादन किया।

दिग्विजय सिंह ने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र, एसएसए की राशि आवंटित करने का आग्रह

भोपाल (एजेंसी)। दिग्विजय सिंह ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर एसएसए के तहत राज्यों को आवंटित की जाने वाली धनराशि जारी करने में देरी के मुद्दे पर ध्यान देने का आग्रह किया है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि तमिलनाडु, केरल एवं पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों ने एसएसए के तहत केंद्रीय निधि के अपने हिस्से को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण देरी की सूचना दी है, जिससे शिक्षा प्रणाली में असमानताओं को दूर करने के प्रयासों को पटरी से उतरने का (शेष पेज 2 पर)

सरकार गठन को लेकर शाह, नड्डा के साथ 'सकारात्मक' चर्चा हुई: शिंदे

मुंबई(एजेंसी)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में सरकार गठन के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा)प्रमुख जे.पी. नड्डा के साथ उनकी ''अच्छी और सकारात्मक'' चर्चा हुई। मुंबई रवाना होने से पहले यहां संवाददाताओं से बातचीत में शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री पर फैसला राज्य की राजधानी में महायुति गठबंधन की एक अन्य बैठक में लिया जाएगा। शिंदे ने निवर्तमान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ शाह तथा नड्डा से मुलाकात की तथा महाराष्ट्र में अगली सरकार के लिए सत्ता साझेदारी सहमति पर बातचीत की। विधानसभा चुनावों में भाजपा नीत गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद यह बैठक हुई।

संभल केस में सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

लिफाफे में सीलबंद रखी जाए सर्वे रिपोर्ट

नईदिल्ली(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को आदेश दिया कि जब तक संभल मस्जिद की शाही ईदगाह कमेटी हाईकोर्ट नहीं जाती, तब तक मामले को आगे न बढ़ाया जाए। सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि एडवोकेट कमिश्नर की सर्वे रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में रखा जाए। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को अपने समक्ष लंबित रखा और मामले को 6 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाले सप्ताह में सुनवाई के लिए पोस्ट किया। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व विष्णु शंकर जैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संभल में शांति और सद्भाव कायम रखा जाए. सुको ने एक आदेश पारित कर मस्जिद कमेटी को हाई कोर्ट जाने और ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कमिश्नर को अपनी रिपोर्ट सीलबंद कवर में दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि वह मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं कर रहा है। सुको ने उनसे (मस्जिद समिति से) आदेश को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती देने के लिए (शेष पेज 2 पर)

चुनावी हार से हताश होने की बजाए

नये संकल्प के साथ आगे बढ़ने की जरूरत: खड़गे

नईदिल्ली(एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उत्साह भरे नतीजों को हासिल करने के बाद विधानसभाओं के चुनावों में पार्टी को धक्का लगा है, लेकिन इससे हताश होने की बजाय कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कठोर निर्णय लेने की जरूरत है। श्री खरगे ने शुक्रवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारिक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी को पराजय से हताश होने की जरूरत नहीं है बल्कि नए संकल्प के साथ जमीनी स्तर से काम करते हुए समय के (शेष पेज 2 पर)

अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे मोदी

नईदिल्ली(एजेंसी)। राजधानी के भारत मंडपम में 6 दिसम्बर से पूर्वोत्तर राज्यों के तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में अष्टलक्ष्मी महोत्सव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत मंडपम के हॉल नंबर 14 में 06 से 08 दिसम्बर तक आठ राज्यों असम, अरुणाचल, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड और सिक्किम के अलग अलग थीम पर पवेलियन बनाये जाएंगे।

गुमशुदा की तलाश

अपराध क्रमांक 0634 **दिनांक 20/11/2024**

नाम, अंकित कुमार शाह उम्र (14) वर्ष पिता रामेश्वर, शाह पता नवजीवन विहार सेक्टर नंबर 4 थाना विन्ध्यनगर सिंगरौली मध्य प्रदेश का निवासी है। गुमशुदा/अहंता लड़का जिसका नाम पता दिया गया है जो कुछ दिनों से घर से लापता है बहुत खोज खबर करने के बाद नहीं मिला है। लडक़े का हुलिया 5 फिट4 इंच रंग गोरा चेहरा सामान्य बदन इकहरा टी-शर्ट पेंट पहने हुए हैं एवं काले रंग का बैग साथ में लिया हुआ है। जिसके माता व पिता बहुत परेशान है। जिसका थाना में गुमशुदा की रिपोर्ट किया गया है। जिस किसी महानुभाव सज्जन को जानकारी मिले तो इस पते पर सूचित करने का कष्ट करें संपर्क सूत्र मोबाइल 8962951582 विवेचना कर्ता 9425179341 पर, सूचित करे ।

स्पेशल खबर *हिन्दुओं की सुरक्षा करे बांग्लादेश सरकार, लोकसभा में एस जयशंकर बोले ...*

हम चिंतित, मामले को गंभीरता से ले रहे

नईदिल्ली(एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार अल्पसंख्यकों सहित बांग्लादेश के नागरिकों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है।

जयशंकर ने बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के बारे में लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह बयान दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि सरकार ने अगस्त 2024 से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं की कई रिपोर्टें देखी हैं, जब शेख हसीना को बांग्लादेश से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा था। जयशंकर ने कहा कि सरकार ने पूरे बांग्लादेश में अगस्त 2024 के महीने सहित हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों, उनके घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं और मंदिरों/धार्मिक स्थानों पर हमलों की कई रिपोर्टें देखी हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सरकार ने इन घटनाओं को गंभीरता से लिया है और बांग्लादेश सरकार के साथ अपनी चिंताओं को साझा किया है।

बांग्लादेश में हाल ही में दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान मंदिरों और पूजा मंडपों पर हमलों की खबरें भी सामने आईं। विदेश मंत्री ने कहा कि सरकार ने दुर्गा पूजा 2024 के दौरान ढाका के तांतीबाजार में एक पूजा मंडप पर हमले और सतखिरा में जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी के संबंध में अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की थी। इन हमलों के बाद, बांग्लादेश सरकार ने दुर्गा पूजा के शांतिपूर्ण उत्सव को सुनिश्चित करने के लिए सेना और बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश की तैनाती सहित विशेष सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश जारी किए थे। उन्होंने कहा कि ढाका में भारतीय उच्चायोग बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों से संबंधित स्थिति पर कड़ी निगरानी रखता है।